केंद्रीय विद्यालय संगठन, दिल्ली सम्भाग

द्वितीय प्री बोर्ड परीक्षा प्रश्नपत्र

कक्षा- 10 (2025 – 26)

विषय-हिंदी(पाठ्यक्रम-अ) (कोड-002)

निर्धारित समय : 3 घंटे

अधिकतम अंक: 80

सामान्य निर्देश :-

निम्नलिखित निर्देशों को सावधानी पूर्वक पढ़िए और उनका सख्ती से अनुपालन कीजिए :

- इस प्रश्न पत्र में कुल चार खंड हैं- क,ख,ग,घ |
- इस प्रश्न पत्र में कुल 15 प्रश्न हैं | सभी प्रश्न अनिवार्य है |
- प्रश्न पत्र में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं |
- प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए |

प्रश्न क्रमांक	**खंड- क** **. (अपठित बोध)**	अंक 14
1	निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : भारत में जल संरक्षण एक अत्यधिक महत्वपूर्ण मुद्दा बनता जा रहा है	जल संसाधनों की सीमित उपलब्धता और बढ़ती जनसंख्या के कारण पानी की मांग तेजी से बढ़ रही है	खासकर कृषि क्षेत्र में पानी की आवश्यकता अत्यधिक होती है, क्योंकि सिंचाई के लिए अधिक मात्रा में पानी की जरूरत होती है	भारतीय किसान मुख्य रूप से सिंचाई के लिए नदियों, झीलों और भूजल का उपयोग करते हैं	लेकिन जल संसाधनों का सही उपयोग न होने के कारण कई क्षेत्रों में जल संकट उत्पन्न हो गया है	इसका सबसे बड़ा प्रभाव सूखा प्रभावित क्षेत्रों और शहरी इलाकों में देखने को मिलता है, जहाँ पानी की कमी गंभीर समस्या बन गई है	इन परिस्थितियों में जल संरक्षण अत्यंत आवश्यक हो गया है , ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके | सरकार ने जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए 'जल जीवन मिशन' ओर 'जल शक्ति अभियान' जैसी योजनाएं शुरू की है	इन योजनाओं का उद्देश्य जल संचयन, जल पुनर्भरण, और जल स्रोतों के संरक्षण को प्रोत्साहित करना है	साथ ही, सूखा प्रभावित क्षेत्रों में सूक्ष्म सिंचाई पद्धति को अपनाने पर भी ज़ोर दिया जा रहा है, जिससे पानी की बर्बादी को रोका जा सके	सरकार द्वारा जागरूकता अभियानों के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण के महत्त्व के बारे में जानकारी दी जा रही है	इन अभियानों के अंतर्गत पानी बचाने के लिए वर्षा जल संचयन, पानी का पुन: उपयोग और जल के सही प्रबंधन जैसी तकनीकों का प्रयोग करने पर ज़ोर दिया जाता है	जल संरक्षण न केवल पर्यावरण के लिए बल्कि देश की अर्थव्यवस्था और भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी महत्वपूर्ण है		7
	(क) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए: कथन (A): भारत में जल संरक्षण की आवश्यकता बढ़ती जा रही है	 कारण (R): जल संसाधनों का सही उपयोग न होने के कारण कई क्षेत्रों में जल संकट उत्पन्न हुआ है		1

(i) कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) सही है।

(ii) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत है।

(iii) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(iv) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(ख) भारत में जल संरक्षण क्यों आवश्यक है· 1

कथन के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए:

(I) जल संसाधन सीमित हैं।

(II) पानी की बढ़ती मांग हैं।

(III) कृषि क्षेत्र में पानी की अधिक आवश्यकता होती है।

(IV) जल संकट से बचने के लिए।

विकल्प

(i) कथन I और II सही हैं।

(ii) कथन I, II और IV सही हैं।

(iii) केवल कथन III सही हैं।

(iv) कथन I, II, III और IV सही हैं।

(ग) नीचे दिए हुए कॉलम 1 को कॉलम 2 से सुमेलित कर सही विकल्प का चयन कीजिए: 1

कॉलम 1		कॉलम 2	
1	भारत का प्रमुख जल संरक्षण अभियान	1	जल जीवन मिशन
2	सूखा प्रभावित क्षेत्रों के लिए सिंचाई पद्धति	2	सूक्ष्म सिचाई
3	जल संचयन की तकनीक	3	वर्षा जल संचयन

(i) I(1) II(2) III(3)

(ii) I(2) II(1) III (3)

(iii) I(3) II (1) III(2)

(iv) I(2) II(3) III(1)

(घ) भारत में जल संरक्षण बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा कौन सी योजनाएं शुरू की गई है ? 2

(च) जल संरक्षण से कैसे भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकती है ? 2

2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 7

अंधकार कितना भी घना हो
प्रकाश की किरणें उसे दूर कर देंगी।
जीवन में दुखों के बादल छाएं,
तो भी आशा की रौशनी न बुझे।
हर रात के बाद सुबह आती है,
और हर तूफान के बाद सन्नाटा होता है।

	यह संसार निरंतर बदलता रहता है, जहाँ परिवर्तन ही जीवन का सत्य है। जो धैर्य रखते हैं और कठिनाइयों से लड़ते हैं, वही अंतत: विजय प्राप्त करते हैं। आशा वह दीपक है, जो अंधकार में भी जलता रहता है। यह हमें सीखाता है कि हमें कभी हार नहीं माननी चाहिए। हर चुनौती हमें मजबूत करने के लिए आती है, और हर संहर्ष हमें सफलता की ओर ले जाता है। आओ, हम इस आशा के दीप को कभी बुझने न दे	
	(क) इस काव्यांश में किस बात पर विशेष ज़ोर दिया गया है ? (i) अंधकार (ii) परिवर्तन (iii) आशा (iv) संघर्ष	1
	(ख) इस काव्यांश में आशा के किन गुणों का वर्णन किया गया है ? उचित विकल्प का चयन कीजिए: (I) आशा की किरण अंधकार को दूर करती है। (II) आशा जीवन में कठिनाइयों को समाप्त करती है। (III) आशा हमें कभी हार मानने नहीं देती। (IV) आशा हमें धैर्य रखने की प्रेरणा देती है। विकल्प (i) कथन I और II सही हैं। (ii) कथन I, III और IV सही हैं। (iii) कथन II और IV सही हैं। (iv) कथक I, II और III सही हैं।	1
	(ग) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए: कथन (A): परिवर्तन जीवन का सत्य है। कारण (R): क्योंकि संसार में हर स्थिति और परिस्थिति बदलती रहती है। (i) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है। (ii) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत है। (iii) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है। (iv) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।	1

	(घ) इस काव्यांश में कवि ने आशा का क्या महत्व बताया है ?	1
	(च) इस काव्यांश में जीवन के परिवर्तनशील होने का क्या सन्देश दिया गया है ?	1
	खंड-ख **(व्यावहारिक व्याकरण)**	16
3	निर्देशानुसार रचना के आधार पर वाक्य भेद पर आधारित पांच प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए-	4x1=4
	(क) जो व्यक्ति साहसी है, उनके लिए कोई कार्य असंभव नहीं है । (सरल वाक्य में बदलिए)	
	(ख) पत्थर की मूर्ति पर चश्मा असली था। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)	
	(ग) मूर्ति की आंखो पर सरकंडे से बना छोटा-सा चश्मा रखा हुआ था, जैसे बच्चे बना लेते हैं। (आश्रित उपवाक्य छांटकर उसका भेद भी लिखिए)	
	(घ) सवार का संतुलन बिगड़ा और वह गिर गया। (मिश्र वाक्य में बदलिए)	
	(ङ) अरब देशों में जिन यंत्रों को फूंककर बजाया जाता है, उन्हें नय कहा जाता है। (रचना की दृटि से वाक्य का भेद लिखिए)	
4	निर्देशानुसार वाच्य पर आधारित पांच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए :	4x1=4
	(क) बाल गोबिन भगत कबीर को साहब मानते थे। (कर्मवाच्य में बदलिए)	
	(ख) जिस आदमी ने पहले-पहल आग का आविष्कार किया होगा, वह कितना बड़ा आविष्कर्ता होगा। (कर्तृवाच्य में बदलिए)	
	(ग) मन्नु घर की चारदीवारी के भीतर नहीं बैठ सकती थी। (भाववाच्य में बदलिए)	
	(घ) कैप्टन द्वारा चश्मा बदल दिया जाता है। (वाच्य पहचान कर भेद बताइए)	
	(च) किस वाच्य में क्रिया सदा अन्य पुरुष एकवचन में होती हैं ?	
5	निर्देशानुसार "पद-परिचय" पर आधारित पांच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए-	4x1=4
	(क) तीसरी बार फिर से <u>नया</u> चश्मा था।	
	(ख) <u>वाह भाई!</u> यह आइडिया भी ठीक है।	
	(ग) लाखों <u>सजदे,</u> इसी एक सच्चे सुर की इबादत में खुदा के आगे झुकते हैं।	
	(घ) उनके हिसाब से वहाँ रहना अपनी क्षमता और प्रतिभा को भट्टी में <u>झोंकना</u> था।	
	(च) सेकंड क्लास के एक <u>छोटे</u> डिब्बे को खाली समझकर, जल्द दौड़कर उसमें चढ़ गए।	
6	निर्देशानुसार अलंकार पर आधारित पांच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों की काव्य पंक्तियों में अलंकार पहचान कर लिखिए-	4x1=4
	(क) उर विहग सा उड़ रहा है, नील गगन के बीच।	
	(ख) उदित उदय गिरी मंच पर,रघुवर बाल पतंग। विगसे संत-सरोज सब, हरषे लोचन भृंग ॥	
	(ग) उस काल मारे क्रोध के तन काँपने उनका लगा।	

	मानो हवा के वेग से सोता हुआ सागर जगा ॥	
	(घ) तुम्हारी यह दन्तुरित मुस्कान मृतक में भी डाल देगी जान	
	(च) बूढ़े पीपल ने आगे बढ़कर जुहार की बरस बाद सुधि लीन्ही ॥	
	खण्ड- ग **(पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक)**	30
7	निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए- पिता के ठीक विपरीत थी हमारी बेपढ़ी-लिखी माँ	धरती से कुछ ज्यादा ही धैर्य और सहनशक्ति थी शायद उनमें	पिताजी की हर ज्यादती को अपना प्राप्य और बच्चों की हर उचित-अनुचित फरमाइश और जिद को अपना फर्ज समझकर बड़े सहज भाव से स्वीकार करती थीं वे	उन्होंने जिंदगी भर अपने लिए कुछ माँगा नहीं, चाहा नहीं... केवल दिया ही दिया	हम भाई-बहनों का सारा लगाव (शायद सहानुभूति से उपजा) माँ के साथ था लेकिन निहायत मजबूरी में लिपटा उनका यह त्याग कभी मेरा आदर्श नहीं बन सका... न उनका त्याग, न उनकी सहिष्णुता	खैर जो भी हो, अब ये पैतृक-पुराण यहीं समाप्त कर अपने पर लौटती हूँ		5x1=5
	(क) माँ के किस गुण ने सबसे अधिक प्रभावित किया ? कथन के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए- (i) उनका धैर्य और सहनशक्ति	 (ii) उनका त्याग और सहिष्णुता	 (iii) उनका पढ़ा-लिखा न होना	 (iv) उनका बच्चों की हर इच्छा को मानना	 विकल्प: (i) कथन I और II सही हैं	 (ii) कथन II और III सही हैं	 (iii) कथन I और IV सही हैं	 (iv) केवल कथन I सही हैं		
	(ख) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए: कथन (A): लेखिका की माँ नें बच्चों की हर उचित-अनुचित फरमाइश स्वीकार की	 कारण (R): माँ ने इसे अपना फर्ज समझा और सहजता से स्वीकार किया	 (i) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है	 (ii) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत है	 (iii) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है	 (iv) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है		
	(ग) माँ की किस बात को लेखिका कभी आदर्श नहीं मान पाई ?		

	(i) बच्चों की अनुचित फरमाइश। (ii) माँ का त्याग और सहिष्णुता। (iii) पिताजी की ज्यादती। (iv) माँ की शिक्षा।	
	(घ) माँ का बच्चों के प्रति क्या भाव था ? (i) सहानुभूति और प्रेम। (ii) त्याग और सहिष्णुता। (iii) अनुशासन और कठोरता। (iv) जिद और क्रोध।	
	(च) इस गद्यांश का मूल भाव क्या है? उचित विकल्प का चयन कीजिए- (I) माँ का त्याग और सहिष्णुता। (II) बच्चों का लगाव और सहानुभूति। (III) माँ का आदर्श न बन पाना। (iV) पिताजी की ज्यादती। विकल्प: (i) कथन I और II सही हैं। (ii) कथन I और III सही हैं। (iii) कथन II और IV सही हैं। (iv) कथन I और IV सही हैं।	
8	निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन प्रश्नों** के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में लिखिए-	3x2=6
	(क) 'लखनवी अंदाज' पाठ के आधार पर बताइए कि लेखक ने खीरा खाने से मना क्यों किया ?	
	(ख) बिस्मिल्ला खां को शहनाई की मंगलध्वनि का नायक क्यों कहाँ गया ?	
	(ग) 'मनुष्य की जो योग्यता उसे आत्मविश्वास के साधनों का आविष्कार कराती है हम उसे संस्कृति कहें या असंस्कृति ?' इस कथन पर अपने विचार स्पष्ट करें।	
	(घ) कार्तिक महीना और बालगोबिन भगत दोनों एक-दूसरे से किस प्रकार संबंधित है ?	
9	निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए- तुम्हारी यह दन्तुरित मुस्कान मृतक में भी डाल देगी जान धूलि-धूसर तुम्हारे ये गात..... छोड़कर तालाब मेरी झोपड़ी में खिल रहे जलजात	5x1=5

	परस पाकर तुम्हारा ही प्राण, पिघलकर जल बन गया होगा कठिन पाषाण छू गया तुमसे कि झरने लग पड़े शैफालिका के फूल बाँस था कि बबूल ? तुम-मुझे पाए नहीं पहचान ? देखते ही रहोगे अनिमेष ।	
	(क) तुम्हारी यह दन्तुरित मुस्कान' से कवि किसकी ओर संकेत कर रहा है ? (i) जीवन की नई ऊर्जा की ओर (ii) किसी प्रिय व्यक्ति के सौंदर्य की ओर (iii) प्रकृति की सौम्यता की ओर (iv) मानवीय संघर्ष की ओर	
	(ख) 'परस पाकर तुम्हारा ही प्राण' पंक्ति में किस स्थिति की ओर संकेत है ? (I) जीवन के पुनर्जन्म की ओर (II) प्रेम की शक्ति की ओर (III) कठोरता के समाप्त होने की ओर (IV) जीवन के अंत की ओर विकल्प: (i) कथन I सही है । (ii) कथन I और II सही है । (iii) कथन IIऔर III सही है । (iv) कथन I और III सही है ।	
	(ग) कथन (A) और कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प चुनिए : कथन (A): कवि की झोपड़ी में जलजात खिले हैं ! कारण (R): कवि के पास तालाब का शीतल जल है, जिससे जलजात खिले हैं । (i) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है । (ii) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत है । (iii) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है । (iv) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है ।	
	(घ) 'पिघलकर जल बन गया होगा कठिन पाषाण' पंक्ति में किस परिवर्तन की ओर संकेत है ? (i) पत्थर के पानी में बदलने की ओर (ii) कठोरता के कोमलता में बदलने की ओर (iii) प्रेम के भाव के जन्म की ओर	

	(iv) जीवन के अतं की ओर	
	(च) 'देखते ही रहोगे अनिमेष' पंक्ति में कवि किस स्थिति की ओर संकेत कर रहा है ? (I) असमंजस और आश्चर्य (II) प्रेम और उत्सुकता (III) भय और चिंतन (IV) आश्चर्य और ध्यान विकल्प: (i) कथन I सही है। (ii) कथन I और II सही है। (iii) कथन II और III सही है। (iv) कथन I और IV सही है।	
10	निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन प्रश्नों** के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में लिखिए-	3x2=6
	(क)क्रोधित परशुराम को शांत करने के लिए राम ने क्या कहा? उन वचनों से उनका कौन-सा गुण झलकता है ?	
	(ख)'जागत-सोवत दिवस-निसि कान्ह-कान्ह जकरी'- इस पंक्ति द्वारा गोपियों की किस मन:स्थिति का वर्णन किया गया है ?	
	(ग) "अरे खिल-खिला कर हंसतें होने वाली उन बातों की" पंक्ति का भाव स्पष्ट करके लिखिए कि इन शब्दों में कवि-मन के किन भावों की झलक मिलती है ?	
	(घ)संगतकार जैसे व्यक्ति संगीत के अलावा और किन-किन क्षेत्रों में किस-किस रूप में दिखाई देते हैं?	
11	पूरक पाठ्यपुस्तक के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं **दो प्रश्नों** के उत्तर लगभग 50 से 60 शब्दों में लिखिए-	2x4=8
	(क) 'साना साना हाथ जोडि ' पाठ की लेखिका का मन फौजी छावनी में लिखें वी गिव अवर टूडे फॉर योर टुमारो वाक्य को पढकर उदास क्यों हो गया ? स्पष्ट कीजिए।	
	(ख) 'माता का अंचल' पाठ में बच्चों की जो दुनिया रची गई है वह आपके बचपन की दुनिया से किस तरह भिन्न है ?	
	(ग) हिरोशिमा पर लिखी कविता लेखक के अंत व बाह्य दबावों का परिणाम है, आप कैसे कह सकते हैं ?	
	खंड-घ **(रचनात्मक लेखन)**	20
12.	निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए- (क) मीडिया व युवा पीढ़ी संकेत बिंदु: • भूमिका • युवा पीढ़ी पर सकारात्मक प्रभाव	1x6=6

	• युवा पीढ़ी पर नकारात्मक प्रभाव • उपसंहार	
	(ख) स्मार्ट क्लास की उपयोगिता संकेत बिंदु: • छात्रों की अधिक सक्रियता • विषयवस्तु का अधिगम • कम समय में अधिक जानकारी प्राप्त करना • छात्रों पर प्रभाव	
	(ग) लड़का-लड़की एक समान संकेत बिंदु: • शिक्षा का समान अधिकार • करियर के अवसर • समानता का व्यवहार • स्वतंत्रता और सुरक्षा	
13	(क) आप सरपंच भारती / भरत हैं। अपने क्षेत्र में पेड़-पौधों की अनियंत्रित कटाई को रोकने के लिए जिलाधिकारी को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। अथवा **(ख)** आप भारती / भरत हैं। आपके मित्र का तैराकी के लिए अगले ओलंपिक खेलों के लिए चयन हो गया है।उसे प्रोत्साहन देते हुए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।	1x5=5
14	(क) आपका मयूरी / मयूर हैं। टेस्ला मोटर्स कंपनी में मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव की आवश्यकता है। टाइम्स ऑफ इंडिया में इस पद हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया है।आप नौकरी की तलाश में है।अत: आप इस पद पर नियुक्ति पाने हेतु लगभग 80 शब्दो में एक स्ववृत तैयार कीजिए। अथवा **(ख)** आप सुमन/ सौरभ हैं। ध्वनि प्रदूषण की समस्या से अवगत कराते हुए नगर योजना अधिकारी को लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए।	1x5=5
15	(क) स्कूल के हल्के व मजबूत बस्तों की कंपनी के लिए एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए। अथवा (ख) शिक्षक-दिवस पर अपने अध्यापक को लगभग 40 शब्दों में शुभकामना संदेश लिखिए।	1x4=4